तहां प्रीत सोइ प्रेम हैं, सोई इस्क निर्धार ।।१।।

इस्क परमानंद वर्ननं

यामैं भेद न जानियैं, इस्क खुदाई रूप ।
विप्र योग मैं प्रगट हैं, परमानन्द स्वरूप ।।२।।
ताही कौं शिर नाय कैं, ताही को जस गांउं ।
ताही की रजधानि के, वरनन हित वर पांउं ।।३।।

इस्क शहनशाह वर्ननं

इश्क कौं राजा कहत हैं, या विन फीकी वात ।
लौकिक लोक अलौकिकी, याही सौं छवि पात ।।४।।

रानी वर्ननं

लगन सु रानी इस्क की, या विन प्रीत न होय ।
या विन प्रेम जु होय तो, अंग हीन जग जोय ।।५।।

मन्त्री वर्ननं

इस्क कि कौन सला कहैं, कहैं सु जानैं भेद ।
मजनूं मंत्री इस्क का, जहां न पहुंचे वेद ।।६।।

नगर वर्ननं

वृन्दावन यह नगर हैं, जहां इस्क को राज ।
घर घर डौंडी फिर रही, नागर प्रीत सु काज ।।७।।

---

सम्पूर्ण सरंजामों के साथ रूपक बाँधा गया है । लिपिकर्त्ता का नाम 'जयकवि' लिखा है, संभवतः यह जवानसिंह का ही लघु नाम हो, यदि ऐसा है तो कृति स्वलिखित होने से और भी अधिक महत्व की है । प्रारम्भ में एक दोहा और सोरठा हाशिए में ऊपर तथा बाँयी ओर लिखा गया हैं । संभवतः उक्त छन्दों को कवि द्वारा ही मूल पाठ में बाद में जोड़ा गया है । ग्रन्थाङ्क २२८९ पर इसी रचना की स्वोपज्ञ टीका की पाण्डुलिपि भी प्रतिष्ठान में उपलब्ध है ।

गढ वर्नंनं

आशिक का दिल दुर्ग हैं, इस्क पनाह कि ठोर ।
ढवकै धावा देत हैं, दिलदारौं की ओर ।।८।।

सिंहासन ओ अदालत, ओ अदालत का अध्यक्ष का वर्नंनं

आशिक शिर के तख्त प, बैठ इस्क सरताज ।
जुल्म अदालत का दिया, महबूबौं कौं राज ।।९।।

जल्लाद वर्नंनं

कहर नजर महबूब की, लियैं तेग जल्लाद ।
इस्क राह चलते जिन्हैं, मारैं करि आल्हाद ।।१०।।

छत्र वर्नंनं

रस सिंगार सो छत्र हैं, इस्क नृपति के सीस ।
ताकी छांह सु जगत पर, सबकों सुखद वरीस ।।११।।

चंवर वर्नंनं

चंवर हास्य रस सौं हुवैं, इस्क राज को बोध ।
प्रीत रंग उज्जल लसैं, चित सात्विक कौं शोध ।।१२।।

अगर धूम वर्नंनं

आशिक स्वास उसास यह, मनहु अगर की धूंम ।
रस्क राजदरबार मैं, खूब रगमगी घूंम ।।१३।।

धनुष वांन वर्नंनं

भौंह धनुष महबूब की, बरुनी नावक तीर ।
इस्क हाथ सौं चलत हैं, ह्वै आशिक चित पीर ।।१४।।

ध्वजा वर्नंनं

अलक ध्वजा महबूब की, इस्क द्वार फहरान ।
मानौं आशिक जीत हित, वैरख खुली निसांन ।।१५।।

सदियांने वर्नंनं

निंदा सदियाने घुरत, इस्क नृपति के द्वार ।
कितेक जन डर भजत हैं, सुंनि घूंमैं रिझवार ।।१६।।

मुसद्दी वर्नंनं

इस्क दिली हैं दिलरुबा, हैं जु मुसद्दी मैंन ।
यार जुदाई मेटता, सदा सुघर सुख दैंन ।।१७।।

कोतवाल वर्नंनं

दिल कौं जकड कैं बस किया, महबूबौं के वैंन ।
यह कुतवाली कर रहे, इस्क सैंन के ग्रैंन ।।१८।।

दूत वर्नंनं

चितवन टेढी बंक हैं, यह कुतवाली दूत ।
आशिक मन कौं गहत हैं, हुक्मरवां मजबूत ।।१९।।

भाट वर्नंनं

भाट नागरीदास नृप, इस्क शानशा हेत ।
सब जग मय जाहिर किया, इस्क चिमन रस केत ।।२०।।

हस्ती वर्नंनं

इस्क मदोन्नत मत्तता, सोई मत्त गयंद ।
लाज अगड सौं नहि रुकै, तौडैं संकुल फंद । २१।।

अश्व वर्नंनं

मन तुरंग हैं इस्क को, पहुंचैं जाय तुरंत ।
महबूबौं के नगर मैं, फिर-फिर जात फिरंत ।।२२।।

रथ वर्नंनं

करैं मनोरथ मिलन का, सोई आशिक रत्थ ।
शिर के पावौं सौं चलैं, जब वे पावैं पत्थ ।।२३।।

हरोल वर्नंनं

करैं हरोली इस्क की, नैंन सैंन मधि खूब ।
तीखी चितवनि झांकि कैं, फते करैं महबूब ।।२४।।

सेना वर्नंनं

राग रागिणी इस्क की, चतुरंगिनि सैनाह ।
घायल सुन मन हौत हैं, कर सायल वैनाह ।।२५।।

नकीव वर्नंनं

आशिक तड़फ के बोल यह, मानौं कौल नकीव ।
अहतमाम करि अनख सौं, इस्क अदब तरकीव ।।२६।।

कोश वर्नंनं

आशिक का सर्वस्व हैं, महबूवौं के चित्त ।
तन-मन कौं पोखैं सदा, यह ही याके वित्त ।।२७।।

मेघ वर्नंनं

इस्कराज के राज मैं, अंसुवनि जल को मेह ।
वासों सब बन हरित हैं, या सौं सूकत देह ।।२८।।

पवन वर्नंनं

बेपरवाई पवन हैं, आशिक दिल झकझोर ।
कहर खुदाई का चला, अजब हवाईतोर ।।२९।।

वाग वर्नंनं

हुस्न बगीचा इस्क का, छवि पर भंवर लुभाय ।
वही तजल्ली ज्यांन की, मेरे जिय अति भाय ।।३०।।

कैदी वर्नंनं

आशिक कैदी इस्क का, पड़ी जुल्फ जंजीर ।
सूता मिजगां तीर पर, ल्याता चित नहिं पीर ।।३१।।

खेमा वर्नंनं

महवूवौं की कीरति, खेमा तने उतंग ।
इस्कराज के रहन के, रंगे रंग सुरंग ।।३२।।

फल स्तुति वर्नंनं

इस्क शहनशा को जु यह, जलवा कियो वनाय ।
चहत मरातव इस्क सौं, तो पढइहिं चित लाय ।।३३।।

कवि मन-भाव वर्नंनं

नग धर लखि चित अटकि कैं, परचो गिरचो मधि फंद ।
ज्यौं वालक लड बावरो, चहत खिलौंना चंद ।।३४।।

र. काल पैंताली उगनीस सैं, प्रथम चैत्र कुजवार ।
१९४५ ऋतु वसंत पून्यौं सु तिथि, कीनौं ग्रन्थ उचार ।।३५।।

पुष्पिका :– इति श्री महाराज जवानसिंहजी कृत जलवय शहनशाह इस्क संपूर्ण । संवत १९४५, द्वितीय चैत्र शुक्ल ३, शनौ । लि० कवि जयेन, कृष्णगढ मध्ये । श्रीरस्तु । शुभं भूयात् । श्रीरस्तु ।

२५२४. ७९६८ तिल-शतक
( गाल और चिबुक पर लसित तिल के विषय में विविध मनोरम कल्पनाएं )

प्रारम्भ :– ।। दं० ।। अथ तिल सत लिख्यते । श्री जुगतराइ कृत ।

(दोहा)

गोरे मुख परि तिल लसै, ताहि करूं परनांम ।
जांनौ चंद बिछाय कै, वैठौ सालिगराम ।।१।।
छत्र तरौंना लट चमर, गाल सिंहासन साज ।
सोहत तिल महाराज ज्यौं, अंग सुदेस रसराज ।।२।।
ब(बो)यौ बीज सिंगार तिल, तिल कपोल छवि खेत ।
लचि रुमांच अंकुर उठे, पिय तन मैं किह हेत ।।३।।
मंद हसन दुति दसन की, तिय कपोल छवि लेत ।
मुख बांटै तिल चावरी, नैंन बधाई देत ।।४।।
पांनिप भरयो कपोल विधि, तह तिल धरयौ बनाइ ।
मुख लावन नहि पावई, मन चैंटी मडराइ ।।५।।
क्यों न होइ प्रभु जगत के, संपति सुखनि निधान ।
या मुख सै द्विजराज को, कीनौ है तिल दांन ।।६।।
तेरे तिल कौं तनक लखि, पैठि गयौ मन अंध ।
डारत बार सिंवार करि, परयौ नेह कै सिंधु ।।७।।
देखि रहत आधीन ह्वै, पलक न करत सलांम ।
कारे तिल कौं चाख कै, लोचन भये गुलांम ।।८।।
बरुनी तरकस दुह दसा, भुव धनु लोचन भाल ।
अलक सैल अति लसत है, तिल कपोल परि टाल ।।९।।

और जुबेझौ राखिए, बांन गडत है जाइ।
तिल वैझौ उलटौ गडै, नैंन बांन मैं आइ ॥१०॥

सुमन वसावत तिलन कौं, यह जानत सब कोइ।
तिल जु बसाउत सुमन कौं, नेह नवेलौ होइ ॥११॥

तिल चारौ पानिप सलिल, अलप फंद परजार।
मन पंखी गहि गहि किते, डारै श्रवन पिंडार ॥१२॥

चिबुक डिठौना विधि कीयौ, डीठि लागि जिन जाइ।
वह तिल जग मोहन भयौ, डीठिनि लेत लगाय ॥१३॥

क्यौं सकुचत हैं सुन्दरी, घूंघट सौं मुख काढि।
शशि सम तेरौ मुख तुल्यौ, भयौ एक तिल बाढि ॥१४॥

तिय कपोल परि तिल लसै, यह जानौ मति कोइ।
सोम अंक मैं शीत निशि, रही सकुचि कै सोइ ॥१५॥

ज्यौं निसि दिन शिव कै सदा, शिवा रहत है संग।
त्यौंही मुह परि तिल जु है, शशि कै निशि अरधंग ॥१६॥

मुख वनाइ विधि देखि कै, रीझि सु भयौ अचेत।
केस लिखत लेखनी छुटी, छींट चिबुक इह हेत ॥१७॥

द्रिग देखत अंगि चांदनौं, गयौ जगत अंधियार।
या तिल के उदये सुनत, भयौ सकल उजियार ॥१८॥

काम जारि किय भशम शिव, बिरही मानत नांहि।
जांनत है जीवत रह्यौ, मुख तिल क्वैला मांहि ॥१९॥

पून्यौ मुख शशि चांदनौ तम निशि अरु कहां जाइ।
सिमटि सकुचि तिल नां मिलै, सरन रह्यौ है आइ ॥२०॥

अलक खुली लै कांम कौं, भई खेल की चाड।
टारैं टरै न गेंद तिल, परी चिबुक की गाड ॥२१॥

तिय कपोल कंचन तुला, एक पला तिल डारि।
तोलन कौनहि पाईयै, रह्यौ विरंचि विचारि ॥२२॥

रूप सिंधु मैं वहत है, मत कोऊ तहां जाइ।
या तिल मल्लाह पथ रहै, गाल कहर दरियाव ॥२३॥

रसना रस अधरन परस, द्रिगन रूप मन शांति ।
सवन देत है सब कछू, तिल चिंतामनि कांति ।।२४।।

तिय कपोल परि तिल लसै, चमकत बदन अनूप ।
मानौं दामनि मैं लसै, महादेव कौ रूप ।।२५।।

इंद्र धनुषि सोइ आड है, हसनि दामिनी देह ।
लट धुरवा तिल गाल परि, मन मोरन कौं मेह ।।२६।।

मन जोगी आसन कीयौ, चिबुक गुफा मैं जाइ ।
रह्यो समाधि लगाइ कै, तिल सिल द्वारै लाइ ।।२७।।

मुख चंदहि निज जानि कै, तिल सिंगार रह्यौ आंनि ।
हसनि आपु ही हास रस, बस्यौ निकट हित जांनि ।।२८।।

वेसरि मोती मीत मन, कंपै दयौ लटकाइ ।
तिल वसी लट ताजनौं, गह्यौ अनंत क्यौं जाइ ।।२९।।

सोभित तिल जु कपोल परि, मोपैं कह्यौ न जाइ ।
जानत हौं मुख कमल परि, भंवर रह्यौ ठहराइ ।।३०।।

अन्य तिलक के खंडन कीयें, होइ चीकनी देह ।
अैसो तिल जु कपोल परि, देखें लगै सनेह ।।३१।।

चिबुक कूप रसरी अलिक, तिल सुचि रस दृग वेलि ।
बारी वार सिंगार की, सींचैं मनमथ वैल ।।३२।।

अलग डाभ तिल गाल परि, आंसुन कौ परवाह ।
नींदहि देत तिलांजुरी, नैनां तुम्ह बिन नाह ।।३३।।

नित तिल सालिगराम कों, अंसुवन न्हावत नैंन ।
मांगत पलक प्रनांम करि, पै पिय देखन चैन ।।३४।।

मुख शशि घूंघट मै दुरै, यों क्यौं मुहि अभिलाखु ।
तिल जु गांठि सिंगार की, चोरि ले रह्यो काख ।।३५।।

तिल कपोल परि सोहियै, यौं मति जांनैं जीय ।
तिय हिय लोचन तारिका, देखनि निकसी पीय ।।३६।।

पानिप भरचौ जु चिबुक यह, सुर सिरज्यौं जगदीस ।
तिल नहि तामैं देखीयै, बूडे मन को सीस ।।३७।।

तेरे मुख को देखि कै, कवल परचौ जुल जाइ ।
और जु तिल ही हौंस करि, अलि राख्यौ बैठाइ ।।३८।।

तेरे मुख तिल होड शशि, कालिम लई लगाइ ।
नाम कलंकी ह्वै गयौ, बढै घटै पछिताइ ।।३९।।

अलक डोरि बन सीस तिल, छवि जल चिबुक सु ताल ।
रूप चटोरा मींन दृग, आइ फसै ततकाल ।।४०।।

काजर दृग रंजक भरे, अलिक फिरंग बंदूक ।
तिल गोली मन लच्छि कौं, मारै मदन अचूक ।।४१।।

तिल बेंदी लट ए करी, विधि कीनी यह रीति ।
गाल पटा मैं लिखि दई, मुख कौं दस दिसि जीति ।।४२।।

मन मैं मन चितई जबै, करौं दसन खत गाल ।
तिल न होइ इह स्यांम जू, नील परचौ तिह काल ।।४३।।

वैनी तिरवेनी बनी, तिह मनमथ अन्हवाइ ।
इक तिल के आहार सौं, सब दिन रैंन बिहाइ ।।४४।।

तिलनहि मुहर बनाइकै, मुखहि दई विधि आप ।
तासौं सबके दृगन परि, करी तारिका छाप ।।४५।।

इह असौ वचनन करत, मुहि लाग्यौ वकवाद ।
तिल तरुनी के चिवुक मैं, कवि रसना रस स्वाद ।।४६।।

मृग मदनांहिन मगन मैं, ढूंढत है दिन राति ।
तिल तरुनी के चिवुक मैं, सोई मृगमद जाति ।।४७।।

मुख तिल लख्यो बनाइ बिधि, ताहि न जांनै कोइ ।
एकै अक्षर प्रेम को, पढै सु पंडित होइ ।।४८।।

काजर कजरोटिनि मैं, लीजैं दृगनि लगाइ ।
इह तिल काजरु चिवुक मैं, तह दृग लागै जाइ ।।४९।।

छई रोग मनमैं भयौ, करि देखी सव पूरि ।
मोती जरचौ मृगांकु तिल, तासौ ह्वै है दूरि ।।५०।।

होरी खेलै मैंन नित, अधर गुलाल सु धारि ।
तिल चोवा को चह वचा, देखत मन दयो डारि ।।५१।।

सनमुख नैंनां कवि सबै, लागन कौं ललचाहि ।
जित कित तै अंग लोह ज्यूं, तिल चुंबक तन जाहि ।।५२।।

तिल तारौ चिबुकहि जड्यौ, को नर सकै उघारि ।
मन की तारी जो लगै, तौ खुलै रूप भंडार ।।५३।।

मुख शशि कौं शोभा करै, उड मोतिन कहूं जोति ।
अंग दुति दामनि मेघ तुल, ज्योति परमपर होत ।।५४।।

तिल तरुनी के चिबुक मैं, सो आरसी अनूप ।
मन मुख देखैं आपनौ, रूकै कांम सरूप ।।५५।।

रती स्यांम तिल पाइकै, तुली कनक सम जाइ ।
देखौ रती कपोल की, अतुल भई तिल पाइ ।।५६।।

विधि कपोल टिकिया करी, तिहि तिल धरचौ बनाइ ।
तौ मन छुधित फकीर ज्यौं, दिकी रह्यौ है लाइ ।।५७।।

और कसोटी परि लगै, कंचन रेखा जागि ।
तिलक कसोटी रीझि कै, कनक चिबुकि रही लागि ।।५८।।

अंग ललाट नामिक तिलंग, करनांटक कहूं आंन ।
सहित देस मुख दुरत है, देखति हिम्मति खांन ।।५९।।

और अंग सब छाडि कै, कांन कुठारी ताइ ।
तिलक लंक परचौ चिबुक मैं, लखे गात विधि लाइ ।।६०।।

और अंग सब छांडि कै, तिल ही सौं करि प्यार ।
साधि कियौ विधि चिबुक मैं, ममता कौ अनुस्वार ।।६१।।

तिल गुटिका तिय चिबुक मैं, जित जांनै तित जाय ।
नैंन पैठि तिय पैठि कै, मन मैं पैठै आइ ।।६२।।

तिल सुनु कुंजन तिलक पर, जिन अँखियन मैं जाय ।
ते अंखीयां तहई बसैं, कोऊ न सकै बताइ ।।६३।।

तेरौ तिल तिरलोत्तमा, तिल तोले सं मिलाय ।
उह उठि कै सरगहि गया, उह भुवि रह्यौ थिराइ ।।६४।।

सिद्धि पीठ मुख शशि कीयौ, ओड्यौ तिल जगि जांम ।
कांम जपै जप कांमना, शिव सौं करै संग्राम ।।६५।।

तिय कौ मुख सुंदर बन्यौ, विधि फेरचौ परगार ।
तिल जु बीचि कोविद लहै, गाल गौलइ कढार ।।६६।।

तेरे मुख परि तिल लसै, सु मेटत है दुख हुंद ।
जानौ बेटा भांन कौं, गोद ले रह्यौ चंद ।।६७।।

जिय जु हुतौ सो तिल भयौ, तिल सु ह्वै गयो जीउ ।
पीय कौ तिल तिल जीय कौ, तोही लागै पीव ।।६८।।

वैनी नदी सिंगार की, लट विरहां दुहूं ऊर ।
चिवुक खेत तिल बीजवे, सींचै कांम किसोर ।।६९।।

जग मोहन कीजै सु तिल, दयौ विधाता तोहि ।
जब जब ग्रांखिन मै परे, मोहि लेत है मोहि ।।७०।।

चावर हैं गोहूं रहै, कबहूं उरद ह्वै ग्राइ ।
कबहूं मो द्रिग चिवुक तिल, सरसो देइ फुलाइ ।।७१।।

या मिसि पीय कपोल कौं, कहै ग्रांगुरी लाइ ।
ग्रधर मिठाई लेन कौं, चैंटी लागी ग्राइ ।।७२।।

तिलक डरी द्रिग पात है, नासा तिल कौ फूल ।
तिलक चिवुक सोई तिल फल्यौ, इहै नेह कौ मूल ।।७३।।

चिवुक सरूप समुद्र में, मन जान्यों तिल नाव ।
तरन गयौ बूड्यौ तहां, नेह कहर दरीयाव ।।७४।।

नांकु ढेकुरी डोल तिल, ग्रलिक ले जकरि मैंन ।
चिवुक रूप की गाड परि, पावत पंथी नैन ।।७५।।

तिल तरुनी के चिवुक पर, का पैं बरन्यौं जाइ ।
बचन सुननि कौं निकट मनो, कोइल वैठी ग्राइ ।।७६।।

तन कंचन हीरा दसन, विद्रुम ग्रधर वनाय ।
तिल मनि स्यांम जरी तहां, विधि जरीयाउ जराइ ।।७७।।

वदन चंद मंगल ग्रधर, बुधवांनी गुरु ग्रंग ।
शुक्र दसन शनि तिल लुकै, ग्रंबर पिय रवि संग ।।७८।।

च्छाडि च्छाडि कै लेत है, चैंटी तिल मुख मांहि ।
मुख तिल मन चैंटी गही, क्यौहूं छंडै नांहि ।।७९।।

नैनां उघरत देखीयै, मुख तिल नैंकु विथार।
मूंदेउ है तिल पूर के, होत सकल अंधीयार ॥८०॥

मो मन मरजी या भयौ, छिनकु दुखी छिनु चैंन।
मारति विस तिल चिबुक कौ, ज्यावत अमृत वैन ॥८१॥

विधि तिल कीनौं चिबुक पर, रमन दिठौंना दींन।
देखत तिल ज्यौं टरत नहि, सब कौं टोना कीन ॥८२॥

रोमावलि कीनी भृकुटि, अलिक सीम छवि राशि।
तब तैं तिल मीरी भयौ, चिबुक गाड बदि पासि ॥८३॥

सैंन वैन विभचार है, मुख है थाई भाव।
तिल आपन सिंगार रस, सकल रसनि कौ राव ॥८४॥

बैनी गज नैंनी तुरंग, लट वैरख फहराइ।
पोति छरा सैंनां लीयै, तिल सिंगार रस राइ ॥८५॥

धंधद एहैं छोडि कै, मुकट दये लटकाइ।
तिल कलियुग के राज इह, दई अनीति चलाइ ॥८६॥

टटीया अंगूर निपौरि भुव, लट छैं छरीया काम।
तिल जु चिबुक परि लसत है, सो सिंगार रस धाम ॥८७॥

हास सेत दुति पीत मुख, अधर लाल तिल स्यांम।
रंग परस्पर छवि बढै, शशि तैं मुख अभिराम ॥८८॥
हास सतोगुन रज अधर, तिल तम दुति चित रूप।

मेरे दृग जोगी भए, लाइ समाधि अनूप ॥८९॥
मंद हसन दुति दामिनी, मेघ तिलक तिल नित्त।
ज्यौ गरजै बरसै नही, तरसै चातक चित्त ॥९०॥
अधर विंब दारिम दसन, तिल जामनि सरसाइ।
रूप लावणि मा संग कछू, स्वाद न बरन्यौं जाइ ॥९१॥

बदन सरोवर रूप कौ, तिल मन तहां तराइ।
चिबुक गाड के भवर मैं, परचौ न निकस्यौ जाइ ॥९२॥
मोहन काज हकीम कौं,- कांम दयौ तिल तोहि।
एकै तिल के देखतैं, मोहि लेत है मोहि ॥९३॥

तिल निरख्यौ तिय बदन परि, इम लाग्यौ जिम सैल ।
अब औषध कौ चाहीए, बाही तिल कौ तेल ।।९४।।

मेरे तिल कौ ध्यांन धरि, गयौ गौर महियार ।
पूरिव है तिल ह्वै गयौ, जग्यौ आप अंधार ।।९५।।

बरनी तरकस भुव धनुष, तीछन बांन सु नैंन ।
अलक सैल ढाल ले, शिव सनमुख भयौ मैन ।।९६।।

कुंकम षोरस इंद्र धनु, हसति दामिनी देह ।
लट धुरवा तिल गाल पर, मनो मोरन कौं मेह ।।९७।।

छवि पांनिप सों मुख भरयौ, सरसि रच्यौ जगदीस ।
तिल नहि तामै देखियै, बूडे मन को सीस ।।९८।।

मुख तरुनी कै तिल लसै, मैं देख्यौ इहि भाय ।
मनों लुबध छवि वास सों, कमल भौंर विरमाइ ।।९९।।

तिलहि देखि बूडत कमल, तिल सों बहुत रिसाइ ।
जो ते मुख से हम करे, तिल काहे न बसाइ ।।१००।।

करनाटी लागी रहै, नासिक री भौ मित्त ।
सबकों छांडि तिलंग मै, करी छांवनी चित्त ।।१०१।।

चिवुक सीप समुद्र मैं, मन जानैं तिल थाह ।
गयौ आसरौ नैन कौ, लागि गयो उहां ग्राह ।।१०२।।

तिल सुनाल सो चितवु है, सोभा यह अभिराम ।
चिवुक गाड मै वैठि कैं, बन्यौ जुलाहे कांम ।।१०३।।

चिवुक गाड गड हाकियौ, तिलह धनी ठहराइ ।
मन कुंजर कों गाहतें, इह विधि मनमथ राइ ।।१०४।।

चिवुक गाड मै रूपनिधि, कांम क्रिपन रह्यौ धारि ।
तिल तह वच्चा व्याल कों, रह्यौ कौंडरी मारि ।।१०५।।

चिवुक देश मै काम ठग, चख तिल लाइ खारि ।
हांसी फांसी मेलि कै, देत गाड मै डारि ।।१०६।।

**पुष्पिका :–** इति चिवुक गाल तिल वर्नंनं, तिल सत संपूर्णं ।

२७७२. ९३३३ माधवानल कामकंदला कथा चौपई

प्रारम्भ :- श्री गणेशाय नमः । अथ माधवानल की कथा वार्ता लिख्यते ।

चौपई

प्रथम पारब्रह्म कु परणं । पुनि कछु जगत रीति रस वरनं ।।
पारब्रह्म पर पूरण स्वांमी । घट घट रहै सु अंतरजांमी ।।
घट घट रहै लखै नहिं कोई । जल थल मांहि सर्व मै सोही ।।
जाकौ आदि अंत नहि ग्यानी । पंडित कथा ग्यान सौं मांनी ।।
ग्यानी होय-स गुर मुख धावै । खोजी होय-स खोज वतावै ।।

दोहा

मन वच सोवत चलत क्रम, जगत चीतवत नीत ।
संग लग्यौ डोलत फिरत, सो कत धरै जु चित्त ।।१।।

x x x x x x

चौपई

र.का. सनै नवसैं ईक्यानवा आहि । करु कथा अव वोल ताही ।।
९९१ येही वात सुनै सव लोगा । करुं कथा शृंगार वियोगा ।।
(हिजरी) कछु आने कछु परके चोरै । जथा सकति करि अक्षर जोरे ।।
कछु करूं विरह की रीति । माधौ कामकंदला प्रीति ।।

दोहा

माधोनल सव विधि चतुर, कामकंदला जोग ।
कर्त्ता करुं कथा आलम सुकवि, उतपति विरह संजोग ।।४।।

अन्त :- चौपई

कथा चौपई आलम कीनी । पहिले कथा श्रवन सुनि लीनी ।।
कहुं कहुं वीच दोहरा पारे । कहुं कहुं आनि सोरठा धरे ।।
सुनत कथा यह सवै सुहाई । अति रसाल पंडित मन भाई ।।
प्रीतिवंत सुनै जो कोई । बढै प्रीति हियरे सुख होई ।।
कामी रसिक पुरुष जो सुनै । ते यह कथा रैनि दिन गुनै ।।

दोहा

पंडित बुधिवंता गुनी, कविजन अछिर टेक।
नाम निमत गुन उच्चरै, कहि कहि कथा अनेक ।।६२।।

पुष्पिका :- इति माधौनल की कथा संपूर्ण। लिखितं मिश्र पौहौकर, रोसी मध्ये। श्रुभ पठनार्थं। मासानांमासोत्तममास पौषमासे कृष्ण-पक्षै, तिथौ ५, रविवासरे। घटि वढि होय तो सोधियो। संवत् १८८१। श्री। श्री। श्री।

२७८७. ८०८२ रस प्रबोध

प्रारम्भ :- अथ मध्या धीराधीर लछन *

मध्या धीरा धीर वह, वचन कहै कछु रोय।
मांन करै कौ पीय सो, गए सजल द्रग होय ।।१६।।

अथ प्रोढा धीरा लछन

रति उदास प्रगटै न रिस, प्रोढा धीरा जान।
मान जनावत है यहै, मुख रूखी मुसकान ।।२०।।

अथ प्रौढा अधीरा लछन

डर दीखाय वर्जित करै, प्रोढ अधीरा धीर।
सखी सुखदाई पीपती है, देत सुमन की मार ।।२१।।

अन्त :- स्थाई संचारी सु औ, विभावादि सव गीत।
वरनै नहिं विस्तार सौ, ग्रंथ वढन के भीत ।।२११।।

आधारग्रन्थ कियो भांनु रसमंजरी, रसतरंगिनी लेख।
यह प्रबन्ध भाषा कीयो, ताही को मत देख ।।२१२।।

कवि-वंश वर्णन कवि कुल मंडन वृन्द जिहि, प्रपितामह अभिराम।
सुपितामह वल्लभ सु कवि, पीता सनेहीरांम ।।२१३।।

---

* ग्रन्थ का प्रारम्भिक अंश अप्राप्त है। अक्षरों पर स्याही फिर गई है, अतः प्रारम्भ के प्राप्त पत्र की लिपि सुवाच्य नहीं है।

तिहि सुत कवि दोलत कीयौ, लछन लछ समेत ।
रस प्रवोध दीपनांम, कवि सोध लेहु कर हेत ।।२१४।।

६ ६ ८ १

रचनाकाल १८६६ संवत षंठ रसि दिसि (स)सि[1], गुरु असाढ ऊचार ।
वद दसमी भो ग्रंथ यह, कृष्नदुर्ग अवतार ।।१२५।।

पुष्पिका :- इतिश्री कवि दोलत विरचित रस प्रवोधाख्यौयं प्रबंधः । श्रीः श्रीः । संवत १८६९ का जेठ सुद १२, सोमवार, लीखी कीसनगढ मै म्होणोत सोभागसींघजी परत सु । द० कीलाणदास कुंभटः । श्री सुभं भवतुमस्तु ।

२८०५. ९४३१ (३) रसिक-रत्नावली

प्रारम्भ :- श्री ब्रजमोंहन जयति । अथ महाराजकंवार श्री सांवतसिंघजी कृत रसिक-रत्नावली लिख्यते ।

दोहा

श्री मोंहन गुरु प्रेम बपु, बंदौं पंकज पाय ।
मोपें पूरन करि कृपा, दीने संत बताय ।।१।।

तेई हरिजन इष्ट मम, तिनही कौं सिर नांऊ ।
तिनही के जु प्रसाद तैं, तिनही कौ जस गांऊ ।।२।।

अथ वैश्नव सहज-स्वरूप बर्ननं

कवित्त (सवैया)

माल गरै तुलसी की लखैं हिय ते मुकतावलि जाल बिसारौं ।
गूदर पैं केई कंचन के पट टटी को पीन पें काहि उचारौं ।।
जीरन जूती घिसी फिरै पायनि तापै सिंघासन फेरि कैं डारौं ।
और बखांनौं कहा मूंड माधुरी स्वांमी की चांदि पें चंदा कौं वारौं ।।३।।

---

१ यहाँ दिशा का अर्थ ८ लिया गया है । लिपिकर्त्ता से 'ससि' का एक 'स' लिखने में छूट गया है ।

अथ अनुराग सहित स्वरूप वर्ननं
कवित्त

लोचन सजल लाल घूमत विसाल छके,
चलनि मराल की-सी ठाडे रोम तन मैं ।
उज्वल रस भीनैं ताकैं दीनैं गर बांही,
रहैं प्यारी पीउ दोउ हीये सुंदर सदन मैं ।।
पुलकित गात गिरा गदगद रहत,
नित धारैं छाप कंठ औ तिलकनि जपन मैं ।
कहा भयौ कीनैं जप तप व्रत दांन न्हांन,
जो पैं रूप माधुरी बसी न ऐसी मन मैं ।।४।।

अन्त :- दोहा

रसिक दसा बरनी इहै, अद्भुत प्रेम उमंग ।
सबनि दुहाई इष्ट की, मुनि कीज्यौ सतसंग ।।१७।।
जो बांचै श्रवननि सुनैं, रीझि होय अनुरक्त ।
ते मोकौं कहियै इन्हैं, उपजो अति हरि भक्त ।।१८।।
कही रसिक रतनावली, पूरन प्रेम प्रकास ।
सुरत हिये ब्रज वास की, धारि नागरिदास ।।१९।।
रचनाकाल सतरै सै बइयासीयै, भादौं सुदि भृगु बार ।
१७८२ तिथि परिवा कीनी इन्हैं, लीज्यौ संत सुधारि ।।२०।।

कवित्त

केऊ करौं विष्णु सेव केऊ पूजैं देवी देव,
केऊ चाहैं मुक्ति केऊ उदर नि वासनां ।
आठौं सिद्ध नव निध चाहत अनंत जन,
केऊ चाहै पुत्र केऊ निज घर नासनां ।।
मेरैं दईव तन उज्वल तिलक कीनैं,
भीनैं रस उज्वल औ जुगल उपासनां ।
ताकी पद रज सौं निहोरि कर जोरि मांगौं,
देह प्रेम भक्ति औ छुडाय विषै बासनां ।।२१।।

पुष्पिका :- इति श्री रसिक-रतनावली संपूर्ण ।

२९२२. ७८५९ संग्रामसार

प्रारम्भ :- ।। ई० ।। श्री गणेशाय नमः ।। श्री ···· नमः ।।
अथ ग्रंथ संग्रामसार लिख्यते ।

छप्पय छंद

दुरद वदन जय सदन बिघन बर ठंडन खंडन ।
शुंडा दंड प्रचंड दनुज हर सिव कुल मंडन ।।
अरुन बरन भय भीत हरन सुमिरन तुव जिज्जय ।
भाग्थ भाषा करन बिबधि वर भारति दिज्जय ।।
उद्दाँम रोति पद बर्न गुन, बंध छंद रचनाँ सुघट ।
हे रंब हुकम किज्जे कहौं, जुद्ध कुद्ध सैंनाँ सुभट ।।१।।

x x x x x x

शब्द योग नय शेष न्याय गौतम कणादि मुनि ।
साँख्य कपिल्ल रु व्यास ब्रह्म पथ कर्म नु जैमुनि ।।
बेद अंग जुत पढे सील तप रिषि वसिष्ट सम ।
अलंकार रस रूप अष्ट भाषा कवित्त छम ।।
तैलंग बेड नाटीय द्विज, जगंनाथ तिरशूल बर ।
साहिज्जिहाँन दिल्लीस किय, पंडितराय प्रसिद्ध धर ।।४।।

दोहा

उनके पग कौ ध्याँन धरि, इष्टदेव सम जाँनि ।
ऊकति जुकति बहु भेद भरि, ग्रंथहि कहौं बखांनि ।।५।।

अथ राज प्रसंसा

छप्पय

पुहमि मध्य ब्रह्मर्षि देस बिच मत्स्य देस तहँ ।
अमरावति आंबेरि बसैं रबि बंस भूप जहँ ।।
धर्म सकुचि कलि काल रह्यौ उहि ठौर विगति भय ।
जस प्रताप धन अधिक बसैं सब बरन हरख मय ।।
जप जग्य दाँन तप भोग बहु, जथा जोग सबही करत ।
भय पाप असुया ईरषा, मद चिंता झुक्कि न सकत ।।६।।

तहाँ भूप प्रथीराज भयउ कूरम कुल मंडन।
भक्ति जोर हरि रूप खग्ग दुज्जन दल खंडन।।
ताकौ सुत परचंड भूप भागमल भय धर।
जित्ति पुहमि सव पाय नाँभ किय सिर ढुँढाहर।।
तिहिं पुत्र भूप भगवंत जिन, करि वरवर गुजरात लिय।
नृप माँन जित्ति सतसठि समर, उदै ग्रस्त लग तेज किय।।७।।

ताकौ सुत जगतेस भयउ दूजौ ग्राखंडल।
हनि पठाँन दल प्रबल कित्ति किन्नी महि मंडल।।
ताकौ सुत महासिंघ जोर जित्ते ति दुग्ग गढ।
सुरपुर सम ग्ररि नगर ढाहि किन्नैं ति तुरत मढ।।
राधाधिराज जयसिंघ भूप, तास पुत्र ग्रंबा नगर।
जिन खग्ग जोर दिल्लीस घर, मेरु मलय किन्नैं बगर।।८।।

ग्रपि च :

जे मित मोरी पाँन बटनु बाजीगर फेरय।
इमि साहिन जयसाहि थपै उथ्थपै जु हेरय।।
जिहिँ सेवा की धाक कंपु सागर गिरवर धर।
बावन गढ कौ ईस गह्यौ जिन संग वाहु वर।।
सुजहि भजाय दारहि पकरि, किय ग्रवरँग दिल्लीस जिन।
जयसिंघ सिंघ परचंड भय, ढुँढाहर पति बंस इन।।६।।

तासु तनय ग्रब रामसिंघ नृप सव भूप नु मनि।
उत्तर पूरब जीति लई काबिल पठाँन हनि।।
तजति गब्भिनिय गब्भ सुनत जिहि हथ्थ खग्ग जुत।
सिवा सर्रणि रखि तहाँ जगत किन्नउ ग्रति ग्रद्भुत।।
तिहिँ तेज पुंज पर जरत पर, बिनु पर इक पर गति सगत।
राजाधिराज कूरम कलस, ढुँढाहर धर जग मगत।।१०।।

मत्त दुरद बर बाजि साजि कबिराजनु दिज्जहिँ।
नहिँ ग्रदेय जग बस्तु कछुक ग्रक्षर रस भिज्जहिँ।।
ग्रलंकार संगीत काबि नाटिक रु व्याकरण।
षट् दरसन नय धर्म कला चवसठि बचिक्षण।।

निज कुल सुभाइ इण अधिक रुचि, राँमसिंघ नृप कें सुचित ।
भारथ्थ जुद्ध भाषा करन, हुकम कियउ उन लोक हित ।।११।।

दोहा

हुते तहाँ पंडित बहुत, भाषा कव्यो अनेक ।
दुहूं ठौर परवीन नृप, देख्यो कुलपति एक ।।१२।।

तब नृप कुलपति मिश्र कौ, कियौ बहुत सनमाँन ।
कह्यौ जुद्ध भाषा करौ, दोण परब परमाँन ।।१३।।

राँम हुकम लहि सुधि किये, गुरु पंडित अवतंस ।
ग्रन्थ रीति प्राचीन लखि, कबि निज बरनत बंस ।।१४।।

अथ कबि-बंस बर्नन

छप्पै

माथुर बंस प्रसिद्ध मिश्र कुल अभैराज भय ।
सब बिद्या परवीन वेद अध्येन तपोमय ।।
तारापति तिहि पुत्र बिप्र कुल जिमि तारापति ।
तास तनय भय लाल ब्रह्म बिद्या बिचित्र गति ।।
हरिकृष्ण कृष्ण भजि कृष्ण भय तासु तनय भागवत मग ।
भय परसराँम ताकौ तनय सुर गुरु समं भजि राँम पग ।।१५।।

परसराँम को पुत्र प्रगट कबि पंडित कुलपति ।
अध्यापक व्याकरण न्याय पथ ब्रह्म कर्म तति ।।
रुचि भारत भागवत करत आचरण सु मृत मत ।
सुखमय लखि साहित्य मुख्य किन्नउ बहु संमत ।।
नर नाग देव बहु देस की भाषा करि कविता कुसल ।
संग्राँमसार तिन ग्रन्थ किय राँमसिंघ नृप हुकम बल ।।१६।।

दोहा

कबि कुलपति कौ आगरे, गुन आगरे निवास ।
जहँ दौलति दिल्लीस की, बिहरति चित्त हुलास ।।१७।।

अथ ग्रन्थ प्रसंसा

छप्प

द्रोण परब की बात रचिय निज जुगति उकति भरि ।
पिंगल मत के छंद नऊं रस अलंकार धरि ।।
धरम अरथ अरु काँम मोख साधन पोथी यह ।
कृष्ण कथा सब ठौर बहुत बिधि क्षत्र धरम जह ।।
जिहिँ पढत सुनत पातक नसैं, कातरता आवै न चित ।
संग्राँमसार तिनि ग्रंथ किय, कवि कुलपति नृप बंस हित ।।१८।।

दोहा

रचनाकाल सत्रह सै तेतीस सम, गुण जुत फागुण मास ।
१७३३ कृष्ण पक्ष तिथि सप्तमी, कियो ग्रन्थ परकास ।।१६।।

छप्पै

जय जय देवकी तनय जयति व्रज मंडल मंडन ।
जय गोवर्द्धन धरन जयति आखंडल खंडन ।।
जय काली अहि दवन जयति केसी हि पछारन ।
जय अघ अजगर हरन जयति बिधि गर्व बिदारन ।।
महि दुष्ट भूप दाँनव ति सब, मारि दूरि किय भार भुव ।
निज भगति देहु कुलपति कहतु, जय जय जय हरि सरण तुव ।।१३५।।

अन्त :- दोहा

बाद अस्त्र बिबि परिहरन, द्रौंणि जुद्ध सत रुद्र ।
परिछेद अंतिम कह्यौ, कुलपति ग्याँन समुद्र ।।१३६।।

पुष्पिका :- इति श्रीमन्महाराजाधिराज महाराजा राँमसिंघ देवाज्ञया कुलपति-मिश्रेण विरचिते द्रोणपरव भाषा संग्रामसार ग्रन्थ नांम षोडसौ परिछेद ।१६। ग्रन्थ संपूरण समाप्तः ।

पोथी लिखी सुभ स्थाँन श्री सवाई जैपुर । महाराजाधिराज श्री सवाई जैसिंघजी कै पुस्तकखांनै । लिखतं कबि पूरण, जाति मागध । मिती जेठ मासे शुक्ल पक्षे ११, रविवासरे, संवत १७६४ का । शुभं भवेत् कल्याँणं ।

श्लोक

जादृसं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृसं लिखितं मया ।
यदि सुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ।।१।।
कल्यांणमस्तु । श्री । श्रीः । श्रीः । श्रीः । श्रीः ।

२९२४. ६८८६ (१) संभरि जुद्ध

प्रारम्भ :- ।। ई० ।। श्री गणेशाय नमः । अथ संभरि जुद्ध लिख्यते ।

दोहा

गुरु गुविंद गनपति गिरा, गवरि गिरीस मनाय ।
गावत गुन जयसाह कौ, सुकवि कलानिधिराय ।।१।।

हुकम बहादुरसाहि कौ, आयौ सैद हुसैंन ।
हुते भूप जयसाह जह, संभरि सर सजि सैंन ।।२।।

उत अरि सैद हुसैंन अरु, इतैं भूप जयसाहि ।
मच्यौ दुहुनि संग्राम जह, आये अमर उमाहि ।।३।।

छंद त्रिभंगी

सैदनि दल हंके समरनि बंके दुंदभि डंके जोर दियै ।
धर होत धमंके सुरगन संके परम अतंके लोक हियै ।।

हय टापन टुट्टे गिरि तट फुट्टे फनपति कुट्टे सहस फना ।
धूली भर जुट्टे अंबर घुट्टे पावस छुट्टे मनहु घना ।।

जयसाहि सवाई पर दल घाई अरनि अवाई देखि परें ।
चड्ढे दल साजै संगर काजैं रवि ज्यौं राजै तेज धरै ।।

संभरि सर तीरनि के सरि नीरमनि रंगे नीरनि चारु ठये ।
दै दुंदुभि धीरनि बंके बीरनि कूरम भीरनि होत भये ।।

सेखावत सच्चे पन के रच्चे समर बिरच्चे रोस लियै ।
बांकावत बांके दल बल हांके जिरह झनाना के जोर कियै ।।

कल्यांन पचायन के वहु भाइन कै चित चाइन भट आये ।
रन अहरन हीरा सैमुख नीरा धरत हमीरावत धाये ।।

सिव ब्रह्म तनैं के भट अमन के साथ घनै के दूल हसे ।
को है कुंभानी मन अभिमांनी लहि प्रभु वांनी रन बहसे ।।

वहु सिपहसिलारनि के सिरदारनि सजि कर वारनि रेर करी ।
पावस घन तूले दल अन कूले सबही फूले निरखि अरी ।।

नाथावत रूरे सगर सूरे पन के पूरे उमगि चढे ।
नर बीर नरूके नैंकु न चूके रोस भभूके लेत बढे ।।

खंगरावत खंगे खरे उमंगे चढि हय चंगे खमसि चले ।
कुंभावत करटे तच्छिन अररे दल बल दररे देत भले ।।

रजपूत अनेरे ओर घनेरे नृप बर नेरे ह्वै उमडे ।
कूरम कुल जाये मुख्य गनाये घन ज्यो आये ते घुमडे ।।

नवकोटि नाइक तहां सहायक भौ पर घायक अजित बली ।
राठोर समाजा ले रन ताजा किय महाराजा भीर भली ।।

उत घोरन डारै जोरन धारै सोरन पारै धुकि धाये ।
सैयद मुख नीके अली अलीकैं सद्दन जीकैं पिलि आये ।।

भारी तिहि बेला भौ मुख मेला दुहु दल ठेला ठेल मची ।
कीने भट सेला सेलन खेला भेलक भेला रारि रची ।।

तह तुररी बज्जे दुंदभि गज्जैं जंगनि सज्जें ढोल दये ।
सिंधू सुर छाये मारू गाये बीरनि भाये राग भये ।।

बंदी जन कित्तें कहत कवित्तैं सुनि भय वित्ते धीर बढैं ।
भट अंतर मोदें करत बिनोदें त्यौं चहु कोदें उकि कढैं ।।

तहं तोपें रढ्ढै गोला कढ्ढै धुंधरि बढ्ढै नभ मढ्ढै ।
हय हाथी फुट्टै पक्खर तुट्टैं वीरन फुट्टै रन चढ्ढैं ।।

पावक झर जग्गें बान उमग्गें आइ बिलग्गै तन दग्गें ।
इक प्रांननि मुक्कें इक्कें कुक्कै इक्क जुझुक्के रिस पग्गै ।।

इक लै लै बागें धावत आगें लागें लागें बैन कहैं ।
धरि मसकत पागें खोलत खागें खेलत फागें मन उमहै ।।

इक हथ्थ बरछी वाहत अछी धार तिरछी जोर जई।
सो पर उर गछी लखियन चछी ज्यौं जल मछी गरंक भई।।

तहं खग्गा खग्गी केलि उमग्गी अग्गा अग्गी वाह भई।
रिस ज्वाला लग्गी जाहर जग्गी मन हुद वग्गी वननि छई।।

हुव कट्टा कट्टी झट्टा झट्टी मुंडनि पट्टी पुहमि डटी।
रुंडावलि उठी डिठ्ठिय रुठ्ठी अन्तर टुठ्ठी अति ही नटी।।

छूटै घुर चड्डी ज्वाला वड्डी फौजें डट्टी गोलन सौं।
गरजैं हथनालैं अतिहि उतालै झंपति झालैं झोलन सौं।।

तकि लंबे पल्लै तुपक्कै चल्लै तडपति भल्लै तडित मनौं।
बारूद पसारी चहु दिसि भारी झुकति अंध्यारी धूम घनौं।।

भट पेलि अराबनि तुरी सिताबनी दाबि रकाबनि बाग लये।
कीने बगमेला केहिं बेला भेलक भेला आइ भये।।

कर खग्गनि पारैं मुंडनि झारै समर अखारैं खेल करैं।
बड डील विदारै करत दुबारैं मनु घन आरै चीरि धरैं।।

बंके कछवाहे परम उछाहे इत चित चाहै कांम करैं।
उत मैंद हुसैंना की बहु सैंना राते नैंना जोर लरै।।

तह सुभटनि साजी तीरनदाजी सनमुख बाजी पेलि खरैं।
भालन सौं फोरै बखतर कोरै धनु गुन घोरैं सरनि झरैं।।

पिलि इक हकारैं करि ललकारैं तेगनि डारैं तकि पर कै।
इक होत उतारै खंजर डारै वंजर फारै दरबर कै।।

इक गुप्ती वाहै अंत्रनि गाहै डीलनि ढाहैं घोरन सों।
इक संगर कोहै जमधर पोहै प्रान विपोहैं जोरन सों।।

इक लेत दपट्टै आंनि लपट्टैं करत झपट्टैं पट्टन सों।
लैं सांगि रपट्टैं इक अरि डट्टै इक्क सिमट्टै ठट्टन सौं।।

इक अंत गरट्टैं होतन हट्टैं धरत मरट्टैं मूंछन मै।
इक घाइ पलट्टै घतत अट्टैं दू छन मैं।।

इक तागत गौंकैं बुगदनि भौंकैं बंकी नौंकैं इक खुरसैं ।
फरसा झर झोंकैं इक्कध नौंकैं मनु द्रुम दौंकैं मधि फुरसैं ।।

वाहैं इक गाढैं गहि जम डाढैं सो ठिक ठाढै तन पैठी ।
इक सुभट सम्यांनी कोतह खांनी कर गहि तानी धर पैठी ।।

यो हथ्था हथ्थी बथ्था बथ्थी सथ्था सथ्थी सुभट भिरै ।
तह गजवर चढ्यौ सैयद बढ्यौ फिर तल बढ्यौ रोस निरैं ।।

तिहिं तकि किहुँ दग्यौ तेजनि जग्यौ गोला लग्यौ इक्क खरैं ।
तछिन खल घुक्किय हाहा कुक्किय प्रांनन मुक्किय खेत परैं ।।

तब सब कछवांहनि समर सिपाहनि किय अवगाहनि खेत खरी ।
हत अत्रनि लेतैं सैयद केते लाज समेते सहज अरी ।।

संभरि सर मांहि किते डुबांहीं कितअ गिरांहीं खाय हहा ।
जयसाहि सवाई जगमुख दाई इहि विधि पाई जित्ति महा ।।

तिहि भुव अरि मुंडनि अौ बहु रुंडनि सुंड भुसंडनि ढेर परैं ।
तैं छिपहिन उंडनि श्रोंनित कुंडनि कुंजर डुंडनि रंग भरै ।।

बिकराल कपालनि नाच मच्यौ ।
अंत्रनि जालनि गृह नव मालनि संकर ख्यालनि जोर रच्यौ ।।

छप्पै

तह नचत ख्याल लग्गे बिसाल पलचरनि जाल संग ।
रचत माल गल चंद्र भाल रंगि रुहिर ताल अंग ।।
पर कपाल बिकराल ताल दिय अति उताल गति ।
लसति लाल पट धरै हाल जुग्गिनि निहाल मति ।।
पिय महाकाल की बाल निजि, काली परम खुस्याल तर ।
बिसनेस लाल भुवपाल जह, फते लहिय कर बाल कर ।।१।।

पुष्पिका :- इति श्री कवि कलानिधि श्रीकृष्ण भट्ट विरचितं संभरि जुद्ध वर्णन संपूर्णम् ।

२९३४. ९७२० (९) सभाभूषण भाषा

प्रारम्भ :- ।। ॐ नमः श्री गणेशाय नमः ।। अथ सभाभूषण लिख्यते ।

छप्पय छंद

चंद विराजत भाल शिखा निर्मल प्रकास धर ।
श्रेय दशा तिहि अग्र भाग सफुराय मान वर ।।
सहजहि मदन पतंगं अमित चंचल तिहि जारन ।
अंतहकरन अपार मोह तम भार निवारन ।।
योगेश्वर चित भुवन मैं, विजयवंत आभास धर ।
गंगाधर वंदत चरन, जय जय ग्यान प्रदाय हर ।।१।।

दोहा

श्री शिव वंदन करि प्रथम, चित प्रसन्न धरि ध्यान ।
ग्रन्थ सभाभूषण करौं, सुनि सज्जन सग्यान ।।१।।

अन्त :- कवित्त

चतुर गुनी प्रवीन ज्ञान रस लीन मित,
विनै करि कह्यो सभाभूषन वनाइये ।
नाटक संगीत की रहसि अति कठिन है,
समुझी न परै तातै अरथ पाइये ।।
कर्त्ता तातैं गंगाराम कवि कोमल कवित्त वंध,
भाषा राग रूप इह सब कौं सुहाइये ।
पढत सुनत अति चौंप चित चाव होत,
सीखियत सुघर सुबुधि हि बढाइये ।।५९।।

दोहा

कवित वंध भाषा करि, श्री संगीत मत देखि ।
नाम सभाभूषन इहै, वधि वल लीनो लेखि ।।६०।।

सवैया

नाटक संगीत नानाय मत रागिनी,
रुचि सौ सुनत निति सुधा रस पीजिये ।
हेत चित चौप सौंप सुनत निति सुधा रस खीजिये ।

हैत चित चौंप सौं कवित्त वंध भाषा करी,
नाम सभाभूषन गरंथ कहि लीजिये ।।
यामैं राग रागिनी की जाति मय रूप हेत,
तान ताल ग्राम सुर गुना सुनि रीझिये ।
गंगाराम विनय करत कविजन सुनि,
वरनत भूले तो सुधारि सुध कीजिये ।।६१।।

दोहा (कवित्त)

र. काल सत्रहसत संवत सरव सत्रतुर अधिक चालीस,
१७४० कातिग सुदि तिथि अष्टमी वार ग(श)नि प्रजरात है ।।
हिंदोल की अलाप तैं हिंदोला आय जो ढाले,
तदी यग के गाय गुनी दीपग जुगात है ।।
श्री मै इह गुन गुनी प्रगट वखानत है,
सूको रूंख हरचो होत फेरि उलहात है ।
गंगाराम कहै मेघराग को प्रभाव इहै मेघ वरखात,
घनमाला मंजु रस रस , रजनीस ।।६२।।

दोहा

सांगांनयरि सु नग्र मै, रामसिंह नृप राज ।
तह कवि जन सव चयन मै, राजति सभा समाज ।।६३।।
गंगाराम तह सरस कवि, कीनो वुद्धि प्रकास ।
श्री भगवंत प्रसाद तै, इह सुभ सभा विलास ।।६४।।

पुष्पिका :- इति श्री गंगाराम कृत सभाभूषन रागमाला समाप्त ।

२६३६. १०११६ सभाविनोद (रागमाला-भाषा)
( मुखपृष्ठ — पुस्तकमिदं भटजी श्री कुसालीरामजीक्स्य )

प्रारम्भ :- ।। श्रीं गणेशाय नमः ।। अथ सभाविनोद रागमाला पायंदावेग कृत भाषा लिख्यते ।

दोहा

गावत नांचत आपु, हींडोरू मैं सव अंग ।
नमो नाथ पैदा कहै, सीस गंग अरधंग ।।१।।

दृष्टि न आवै अगम अति, मनसा की गम नांहि ।
निपट निकट संगही रहै, बोलै घट घट मांहि ।।२।।

चौपई

साहिजहां साहिन मन साह । आदिल दाता दीन पनाह ।
दारिद जातु लेतहीं नांउ । धनि सु जनम जे परसैं पांउ ।।
गाइ-स्यंघ इक घाटैं पियैं । देखि चरन जन सिगरे जियैं ।।३।।

दोहा

साहिजिहां जू अदल बल, परजा करी निहाल ।
दुख भंजन गंजन अरिनु, मूरति महा रसाल ।।४।।

**अथ कवि जाति नाम**

मोदक छंद

जाति वंस कवि कौ सुनि लेहु ।
कौंन भूमि किहिं उपज्यौ गेहु ।।
ख्वाजा खिजरी जाति वखांनि ।
अहमदखैल सु गोतहि जांनि ।।
मेरवेग को संगीवेग ।
अकवर साह वधाई तेग ।।
ताको सुत कवि पैदा भयौ ।
जनम अकवरावाँद जु लयौ ।।
तिन यह पोथी करी रसाल ।
सब रागनी की गूथी माल ।।६।।

सोरठा छंद

सभाविनोदहि नाम, या पोथी कौ जांनियौ ।
पैदा सुख कौ धांम, जग मोहन दुख हरन यह ।।७।।

दोहा

राग ध्याय मैं कहत हौं, सहँसकृत तें लीन ।
कीनी भाषा जोरिकैं, समुझै नर परवीन ।।८।।

सुर विद्या बहु कठिन है, तामैं भेद अनेग।
हनुमत मत संगीत मथि, कहतु पायंदावेग ।।६।।

राग हिंदवी पारसी, पैदा इकठे कीन।
जो जो तामैं मिलत है, ते सब काढे वीन ।।१०।।

कहौं मिलापी पुत्र जे, कीन्यौ मनहिँ विचार।
नाद रूप सबतैं कठनि, अतिहि अगम अपार ।।११।।

अन्त :- अथ पांचौ रागिनी कौ सोरठा

रांमकलि दै साखि, ललित विरावर जांनियो।
पढ मंजरी सु भाखि, ए हिंडोल की रागिनी ।।३।।

देस कमोद विचारी, नट केदारो कांन्हरौ।
पांचु दीपक नारि, पैदा कही संगीत मथ ।।४।।

मालसीरी सुनाव, मारू और धनासरी।
बसंत आसावरी गाव, सीरी राग कें संग हैं ।।५।।

टंककु वोर मलार, गुजरी भुपाली कहौ।
पंच विदेस जुकार, रास रागिनी मेध की ।।६।।

पुष्पिका :- इति छउ राग कों सोरठा संपूरण समाप्ता। श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्रीरस्तु।

२६३७. ८३६३ सभासार नाटक

प्रारम्भ :- ।। दं० ।। श्री गणे(शाय नमः)

(श्रीमान्) सुंड प्रचंड रू(प) रुचिरो मदगंध गल्लस्थलं।
शुभ्र सोभित शोभि एक दशनं चंद्रं ललाटे (धरः) ।।
(सिन्दुरै) परिपूर कुंभ सुभंगो ऋद्धि सु सिद्धी धरं।
सोयं पातु गणेश इ(ई)सतनयो बानीवरदायकं ।।१।।

छंद मालवी (मालिनी)

कविवर वरदाता माद्रि से नित्य त्राता।
षट वदन सु भ्रात्रा सर्वं कार्या विधाता ।।
सकल गण सुरेशं मंगलानां महेशं।
विघन तम दिनेशं श्री गणेश नमामि ।।२।।

छप्पै

जय गंग सह चंद जटित नग मुकुट सु भारीय ।
बाघंबर अंबर सुप्रीति मुंड मूंतीय स्त्रगधारीय ।।
हलाहल हर कंठ ललित भृगु हरि ऊर सोहत ।
दहु सुं एक ह्वै रहत देखि मुनिजन मन मोहत ।।
करपूर गौर घनस्याँम तन, सकल भुवन वंदित चरण ।
जो रमानाथ ऊमयापति, श्री हरि हर मंगल करन ।।३।।

x x x x x

दोहरा

दिसि पश्चिम गुजर सधर, सहर अहमदावाद ।
भू पर के सब नगन सिर, ऊपर मंडित वाद ।।७।।

रचना-स्थान तां मधि सारंगपुर सुभग, सुख दायक सब धांम ।
नागर विप्र सुसंग मति, कवि पद रघु रज रांम ।।८।।

चोपी (चौपई)

सकल सभा पहिले सिर नाउं । कर वीनती कर जोरि सुनाउं ।।
मात पिता युं बालक वांनी । एसी विध सुनि हे सुख मांनि ।।
छमि हे मम औगन सब साधु । जिन के मति अति भरे अगाधू ।।
जिन ही सुहाय नही यह वाँनी । सो पुनि छमि हे सेवग जानी ।।९।।

दोहरा

कवि वासी ग्रह कूप को, सभा अपार समंद ।
तेसोहि कछु कहत हो, मति हे जेसी मंद ।।१०।।

जानित हुं हसि हे जगत, सुनि कविता को सूल ।
अपने मुख ते आपनी, हासी करत कबूल ।।११।।

भले बुरे सव प्रणमि के, बोहरि कहुं परि पाय ।
नीको बूरो निवाहीये, सो सेवग चहत सहाय ।।१२।।

रचनाकाल सतरे से सतावने, चैत्र तीज गुरु वार ।
१७५७ पक्षि ऊजल ऊजल सुमति, कवि किय ग्रन्थ विचार ।।१३।।

अन्त :- छप्पै

यह नाटिक जो सुनें ताहि हीय फाटिक खुलें ।
यह नाटिक जो सुनें बुद्धि बल कमल प्रफूलें ।।
यह नाटिक जो सुनें ग्यांन पूरन मन आवें ।
यह नाटिक जो सुनें ताहि मन बंछित पावे ।।३२८।।
विग्यांन जांन निरबांण कें, जोग्य ध्यांन धर धन लहै ।
पावत परम पुरुष गति, मति प्रमांण कवि रघु कहैं ।।३२९।।

पुष्पिका :- इति श्री नाटिक सभासार कवि रघुरांम विरचितं संपूर्णम्, संवत् १८४३, माह सुद ५ दिने, पं० छजमल लिपी कृतं ।

२९४५. १०८६४ समै सु-प्यार सतसई

प्रारम्भ :- ।। ६० ।। श्री गणेशायनमः । अथ समै सु-प्यार सतसई वसंतराय कृत लिख्यते ।

दूहा

श्री गनपत अमृत चर्न, कंठ भूमि परधार ।
बुध को वर-के बीज ज्यौं, होत बहुत विस्तार ।।१।।

सुमुख विनायक गज करन, भाल चंद्र इक दंत ।
हरंन विघंन सुख करन है, जुग जुग आद अनंत ।।२।।

लंबोदर हिये ध्यांन धर, होत [बुद्धि[ परकास ।
जैसें जग मिट जाय तंम, दिनकर करत उजास ।।३।।

रचें वृध भूपत मिलन, करियें गमन विदेस ।
पढीयें प्रगटें ग्रन्थ तब, भजीयें आद गंनेस ।।४।।

यह प्रास्ताविक दूहरा, कीना कवि विचार ।
समयें पर पढ हैं सुघर, सब कूं लगै सु-प्यार ।।५।।

नीत जथारथ ग्यांन रस, भुक्त जुक्त चित धार ।
सुगम अरथ कविता करी, कवि मत के अनुसार ।।६।।

निबुध पढै बुध वधत है, मूरख सुथरा होय ।
निस मंदर हु रहै तिमर, रखीये दीपक जोय ।।७।।

कीया सातसो दूहरा, उक्त जुक्त दृष्टंत।
कहुं सासतर मन उक्त, भाषा करी वसंत ।।८।।

चलै कहुं प्रस्ताव पर, कहीयै दुहो विचार।
सब ही कुं नीको लगै, यातें समैं सु-प्यार ।।९।।

अन्त :- दोहा

मुरधर मझ मुर मेदनी, कासीपुर सम जांन।
घर [धर कोविद] पढत है, गीता वेद पुरांन ।।६९४।।

तहाँ चतुरभुज राय को, [दरसन] अदभुत जोय।
मंन सुध कर भेटे चरंन, नरकं न जैहै कोय ।।६९५।।
[नर] रिध धारी नगर मैं, पंडत बहु बुधवंत।
सतवादी हरि भक्त रत, सिध जोगेसुर संत ।।६९६।।
निकट तिहां पुस्कर भरचो, वहै सरस्वती नीर।
नाग पहार जोगी जती, हरै दीन की पीर ।।६९७।।
विप्र ग्यात तिन नगर मैं, पुसकरणां रिषमंत।
प्रोहि[त कुल] नरसिंघ के, कीनो ग्रन्थ वसंत ।।६९८।।
कवि कोविद सौं जोड़ कर, इतनी अरज करंत।
चूक छिमा करीयो हमैं, सब सौं कहत वसंत ।।६९९।।
पढ्यौ नही कछु संसक्रत, भाषा मंत्र न जांप।
कछुक कविता करत हूं, गनपत के परताप ।।७००।।
र. काल आ[द चन्द वसु राम] गुण, कृष्ण जनम पक्ष मास।
१८३३ गनपति तिथ हनुमांन दिन, निपज्यो ग्रन्थ विलास ।।७०१।।

पुष्पिका :- इति श्री समै सु-प्यार सतसई संपूरणम्। संवत् १८४१ रा शाके १७००६, चैत्र दुतीक....पक्षे ९ नौम्यां तिथौ रववारे।
लिपीक्रतं वैष्णव जुग....[नगर] जोधपुर मध्ये लिखित्वां।
श्री किल्यांणमस्तु।

---

* इसको एक प्रति 'राजस्थानी शोध-संस्थान' चौपासनी, जोधपुर में भी ग्रन्थाङ्क ४८७१ पर उपलब्ध है। उक्त प्रति का लिपि समय संवत् १९३५ है। कोष्ठक में दीमकग्रस्त स्थल का पाठ उक्त प्रति से दिया गया है।

२६७७. ६२५२ (३) सुन्दर-शृङ्गार

प्रारम्भ :- ।। दं० ।। श्री गुरुभ्यौ नमः । श्री गणेशाय नमः । लिखतं पोथी सुन्दर-शृङ्गार की ।

दोहरा

देवी पूजौ सरसती, पूजौ हर कै पाय ।
नमसकार कर जोर कें, कहै माहाकविराय ।।१।।

आश्रयदाता वर्णन (शाहजहां)

नगर आगरौ वसत है, जमुनां तट सुभ थान ।
तहां पातसाही करै, बैठौ साहिजिहान ।।२।।

साह बडौ कवि मुख तनक, क्युं गुन बरणे जाय ।
ज्युं तारै सब गगन के, मूंठी मै न समाय ।।३।।

जिन पुरुषन कै वंस में, उपज्यौ साहजिहान ।
ताह साहन के नाम कौ, अब कवि करै बखान ।।४।।

छप्पय

नृप-वंश वर्णन

प्रथम मीर तिमूर लीयो साह किरान पद ।
ताकौ मीरांसाह बहुरि सुलतान महम्मद ।।
अबुसैद फुनि उमरसेख बबर जु हमाउ ।
साह अकबर जान साह जिहांगीर गिनाउं ।।
तिहां वंस अंस कविराज, भनि साहिजीहां बढिय बखत ।
धरि छत्र बैठो अटल भुवि, पातस्याह दिली तखत ।।५।।

छंद तृभंगो

नृप-प्रशस्ति

जब लगि भवांनी सिव सेनानी रवी समांणी पंथन में ।
जब लग सुरगै नग गन उडगन शशि वरन अठू गुन ग्रंथन में ।।
जब लग पुरंदर हिम गिर मंदिर सुन्दर वानिन भनै सुखदा ।
तब लगि रहौ चिर भू ध्रूव ज्युं साहिजिहां शिर छत्र सदा ।।६।।

दोहा

इक छिन कै गुनह के, वरनै सकल संसार ।
जीभ थकै बीतै वरष, तौउ नावै पार ।।७।।

तीन पेहर लों रवि चलै, जाकै देसनि माहिं ।
जीत लई जगती इत्ती, साहजिहां नरनाहि ।।८।।

कुल दरीया खां ऐं कीयो, कोट तीर कौ ठाम ।
आठों दिश यों वसि करी, ज्यों कीज्ये इक गाम ।।९।।

साहिजिहां सब गुनिन कूं, दीन्हे अगनित दान ।
कवि-परिचय तिन में सुन्दर सुकवि कौ, कीयौ बहुत सनमान ।।१०।।

नग भूषन मनि सब दए, हय हाथी सिरपाउ ।
प्रथम दीयौ कविराय पद, बहुरि महा कविराउ ।।११।।

तव कवि कौ मन यौं बढ्यौ, जब यह कीयौ विचार ।
वरनी नायक नायका, कीयौ ग्रन्थ विस्तार ।।१२।।

विप्र ग्वालिअर नगर कौ, वासी है कवि राज ।
तासौं साह मया करै, सदा गरीब निवाज ।।१३।।

ग्रन्थ- सुन्दर कृत शृंगार है, सकल रसन कौ सार ।
माहात्म्य नाम धरचौ या ग्रन्थ कौ, यह सुन्दर शृंगार ।।१४।।

ज्यौ सुन्दर शृंगार कौ, पढै गुनै रस ग्यान ।
मानों तिन संसार में, कीयौ सुधा रस पान ।।१४।।

र. काल संवत सोरह सें वरस, वीते अठ्यासीति ।
१६८८ कानी सुदि षष्टी गुरु, रच्यो ग्रन्थ करि प्रीति ।।१६।।

विषयारम्भ नौ रस में सींगार रस, सवतें नींको आहि ।
तामें नींकी नायका, वरणत है कवि ताहि ।।१७।।

सो फुनि सुन्दर कवि कहै, तीन भांति की नार ।
स्वकीया परकीया अवर, सामान्या सु विचार ।।१८।।

अन्त :- पुनः सवैया २३

रूपे की भोम के पारौ परचौ,
सिगरो जग चंदन सों लपटानौं ।
यों कहि तीन्ह महा कविराय,
कहै उपमा इक याहि तें आनौं ।।

चंद की अंसुनि को करि सूत,
बुन्यौ विधुना सित अंबर जानौं।
उजल कै फुनि ब्योंत बनाय,
दशों दिश ए मढि राखी है मानौं ।।४७।।

दोहरा

सुरवांनी यातें करीं, नरवांनी में लाय।
जैसें मग रसु रीत कौं, सब पें समझ्यो जाय ।।४८।।

यह सुन्दर सींगार की, पोथी रची विचारि।
चूक्यो होइ कह्यौ कछू, लीज्यौ सुकवि सुधारि ।।४९।। [३४९]

पुष्पिका :- इति चकत्ता चक्रवर्त्ति पातिसाह साहिजिहां आदेशात् महाकविराज कृत सुन्दर-शृङ्गार भाषामयौ ग्रन्थ संपूरणम्। सवत् १७७४ वर्षे, शाके १६४० प्रवर्त्तमाने, माह फाल्गुन विदि ११, भृगुवासरे। लिखितं राणा संग्रामसींह विजैराज्ये।

३०१७. ९४३२ (१) हमीर-रासो*

प्रारम्भ :- ।। श्री गणेशाय नमः ।। श्री सरस्वती नमः ।। श्री गुरुभ्यो नमः ।।
अथ हमीर-रासो लिक्षते।

दोहा

श्री गनेस गुरु सरस्वती, बुधि बांनी के दानि।
कविनाम कबि महेस वरनन करत, हठ हमीर को जांनि ।।१।।

पहिलै साहि(ब) सुमरियै, सब को सिरजनहार।
आदि भवानी अंबिका, वरदै सुरसति म्हार ।।२।।

सरनाई भयो सिवर न्रप, दयो मांस तन ताहि।
कै अब राव हमीर हूव, सरन राखि महिमाहि ।।३।।

---

* इस कृति की प्रतिष्ठान में और भी प्रतियाँ हैं। कुछ प्रतियों के प्रारम्भ में 'चौहान वंशवर्णन' दिया गया है, जो इस प्रति में कुछ छन्दों के बाद उपलब्ध है। प्रारम्भ में वंशवर्णन वाली प्रतियाँ पाठालोचन की दृष्टि से अन्य परम्परा की द्योतक हैं।

कित अलावदी कित हुरन, कित महिमां जु पठांन।
कितै मीर बहु गाभरू कित हमीर चौवांन ।।४।।

रासे के पासे परे, होनहार आरंभ।
साखो राव हमीर को, वांको गढ रनथंभ ।।५।।

छंद

अमरपुरी ब्रह्मलोक बचन सा पुरस कराये।
रिषि सूं छत्री भये सोम के बंस कहाये।।
जननि उदरन ओतरं संकट परे न च्यारि।
अनल कुंड उतपन भये च्यार भुजा पर च्यार ।।६।।

दोहा

च्यारि भूजा अयु सीरि, तेज पुंज परचंड।
सूर हरखि कंपे असुर, ईते हुवे नवखंड ।।७।।

छंद

मारि असुर सुरन के मान बढाये।
राछस कंटक दुष्ट अवनि पै रहन नि पाये।।
मंडलीक चार ईक चकवै इतै हूये चहुवान।
सूरन अति उद्योत लौ फिरै चहुं दिस आन ।।८।।

रथ मारन कौं चलै जहां लौं चक्र चलाये।
कर रावन प लीये जग्य तिनि केमु कराये।।
जिते न्रपति नवखंड के लगे पांय कर जोरि।
राज जोग दोऊ करै अजपाल अजमेर ।।९।।

बीसल बीस करोरि जोरि जल माझ धराये।
आनां तीस करोर बिलस खरचे अरु खाये।।
को को नयेन मंडली आय आपनी ठोर।
आना बीसल दे भये मंडलीक सिर मोर ।।१०।।

दोहा

जिती धरा सिर सेस कैं, खग बल लई पै जाये।
छुटी मानिक राव कौं, सकति संम्हरा माय ।।११।।

अन्त :- छंद

मिले राव रनधीर खांनु वालनसी भाई।
महमांसाहि हमीर मिले हजरति सिर नाई ।।
पाछा मिले हमीर कौं अलादीन पतिसाहि।
हजरत राव हमीर के गहे कदम दोउ जाई ।।३६१।।

धनि हमीर चोहांनु आदि ए चलि आई।
यह साहिव की राह राव हम तुम सौं पाई ।।
भरतखण्ड चहु देस मै देखो सब जग जो(य)।
तुम बन राव हमीर सिख मिलाव कोई ।।३६२।।

दोहा

बंदा खुदा काल जुर, झंपै जहां न कोई।
पहुचे राव हमीर जहां, बहुरि न आंनां होई ।।३६३।।

आसा देवल ओर सब, महमांसाहि हमीर।
मिले सबै सुर लोक मै, हजरत हूरम समीर ।।३६४।।

छंद

मिल्लै राव पतिसाहि छीर ज्यौं नीर बहाये।
जो पारस कौं मिलत लोहो कंचन हो आये ।।
अलादीन हमीर से हूये न अब कोई होय।
कवि महेस ईम ऊचरे वे बसे सुरग सब कोय ।।३६५।।

दोहा

कवि महेस बरनैन कीयो, रासो राव हमीर।
भूल चूक ज्यौं होय तो, माफ करो तकसीर ।।३६६।।

पुष्पिका :- इती श्री राव हमीर को रासो संपूर्ण। लीखीतं नाजर नैणसुख, न(नै) वांच(चै) ब(वि)च्यार(रै) ज्यां सु ं रांम रांम बंचज्यो जी ।। श्री ।।

❖

# परिशिष्ट २

## ग्रन्थ-कर्त्तानुक्रमणिका

* नामसाम्य वाले विभिन्न कवि भिन्न भी हो सकते हैं ।

## राजस्थान–सरकार

# राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

## हिन्दी-राजस्थानी ग्रन्थों की प्रकाशन-सूची

| ग्रन्थाङ्क | ग्रन्थ-नाम | सम्पादक | मूल्य |
|---|---|---|---|
| १. | कान्हड़दे प्रबन्ध | कान्तिलाल बलदेवराम व्यास | १२.२५ |
| २. | क्यामखां रासा | डॉ. दशरथ शर्मा, अगरचन्द भँवरलाल नाहटा | ४.७५ |
| ३. | बांकीदास री ख्यात | नरोत्तमदास स्वामी | ५.५० |
| ४. | राजस्थानी साहित्य-संग्रह, भाग १ | नरोत्तमदास स्वामी | २.२५ |
| ५. | ,, ,, भाग २ | पुरुषोत्तमलाल मेनारिया | २.७५ |
| ६. | ,, ,, भाग ३ | लक्ष्मीनारायण गोस्वामी | ५.५० |
| ७. | राजस्थान में संस्कृत-साहित्य की खोज | पं० ब्रह्मदत्त त्रिवेदी | ३.०० |
| ८. | जुगलविलास | रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत | १.७५ |
| ९. | वीरवांण | ,, | ४.५० |
| १०. | गोरा-बादल-पद्मिणी चउपई | डॉ० उदयसिंह भटनागर | ५.०० |
| ११. | गोरा-बादिल-चरित्र | मुनि जिनविजय | ४.०० |
| १२. | हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची, भाग १ | गोपालनारायण बहुरा | ७.५० |
| १३. | ,, ,, भाग २ | ,, | १२.०० |
| १४. | राजस्थानी-हिन्दी ह.लि. ग्रन्थ-सूची, भाग १ | पुरुषोत्तमलाल मेनारिया | ४.५० |
| १५. | ,, ,, भाग २ | ,, | २.७५ |
| १६. | विद्याभूषण ग्रन्थ-संग्रह-सूची (जयपुर शाखा) | गोपालनारायण बहुरा एवं लक्ष्मीनारायण गोस्वामी | ६.२५ |
| १७. | भगतमाल | उदयराज उज्जवल | १.७५ |
| १८. | भक्तमाल | अगरचन्द नाहटा | ६.७५ |
| १९. | मुंहता नैणसी री ख्यात, भाग १ | बद्रीप्रसाद साकरिया | ८.५० |
| २०. | ,, ,, भाग २ | ,, | ९.५० |
| २१. | ,, ,, भाग ३ | ,, | ८.०० |
| २२. | ,, ,, भाग ४ | ,, | ८.७५ |

| क्रमाङ्क | ग्रन्थ-नाम | सम्पादक | मूल्य |
|---|---|---|---|
| २३. | रघुवरजस प्रकाश | सीताराम लालस | ८.२५ |
| २४. | सूरजप्रकाश, भाग १ | सीताराम लालस | ८.०० |
| २५. | सूरजप्रकाश, भाग २ | ,, | ९.५० |
| २६. | सूरजप्रकाश, भाग ३ | ,, | ९.७५ |
| २७. | नेहतरंग | रामप्रसाद दाधीच | ४.०० |
| २८. | मत्स्य-प्रदेश की हिन्दी साहित्य को देन | डॉ० मोतीलाल गुप्त | ७.०० |
| २९. | समदर्शी आचार्य हरिभद्र | अनु. शान्तिलाल जैन | ३.०० |
| ३०. | बुद्धिविलास | पद्मधर पाठक | ३.७५ |
| ३१. | रुखमणीहरण | डॉ० पुरुषोत्तमलाल मेनारिया | ३.५० |
| ३२. | प्रतापरासो | डॉ० मोतीलाल गुप्त | ६.७५ |
| ३३. | संत कवि रज्जब | डॉ० व्रजलाल वर्मा | ७.२५ |
| ३४. | पश्चिमी भारत की यात्रा | अनु० गोपालनारायण बहुरा | २१.०० |
| ३५. | विन्हैरासो | सौभाग्यसिंह शेखावत | ६.७५ |
| ३६. | सोढायण | शक्तिदान कविया | ७.०० |
| ३७. | राठौड़ाँ री वंशावली एवं राठौड़-वंश री विगत | डॉ० फतहसिंह | २.१५ |
| ३८. | मीरां बृहत्पदावली, प्रथम भाग | हरिनारायण पुरोहित | ७.५० |
| ३९. | स्थूलिभद्रकाकादि | डॉ० आत्माराम जाजोदिया | १.७५ |
| ४०. | राजस्थानी वीर-गीत-संग्रह, भाग १ | सौभाग्यसिंह शेखावत | ६.५० |
| ४१. | ,, ,, भाग २ | ,, | ६.२५ |
| ४२. | ,, ,, भाग ३ | ,, | ९.२५ |
| ४३. | गजगुण-रूपक बन्ध | सीताराम लालस | ९.०० |
| ४४. | वैताल-पच्चीसो | डॉ० पुरुषोत्तमलाल मेनारिया | ३.५० |
| ४५. | मारवाड़ रा परगना री विगत, भाग १ | डॉ० नारायणसिंह भाटी | १५.५० |
| ४६. | ,, ,, भाग २ | ,, | १२.५० |
| ४७. | देवीचरित, प्रथम भाग | हुकमचन्द चतुर्वेदी | १३.२५ |
| ४८. | ,, द्वितीय भाग | ,, | २१.०० |
| ४९. | राजनीति रा कवित्त | डॉ० नारायणदत्त श्रीमाली | ५.०० |
| ५०. | नरसीजी रो मायरो | प्रो० जेठालाल नारायण त्रिवेदी | ७.२५ |
| ५१. | मधुमालती सचित्र कथा | डॉ० फतहसिंह | १८.७५ |